कार्यालय नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)

फा.क.–15/संपदा/पं.रवि.शु.नगर/2014/ कोरबा, दिनांक 10.02.2014

पं.रविशंकर शंकर शुक्ल नगर कोरबा में निर्मित भवनों का आबंटन की आम सूचना

नगर पालिक निगम कोरबा की पं.रविशंकर शुक्ल नगर कोरबा में निम्नलिखित अनुसार सीनियर एच.आई.जी./जुनियर एच.आई.जी./एम.आई.जी. आवास गृह पूर्ण मूल्य भुगतान पर भवन का विक्रय व भूखण्ड की 30 वर्षीय लीज अवधि पर आबंटन हेतु भवन की कीमत/प्रीमियम की आम निविदा दिनांक 04-03-2015 को अपरान्ह 3.00 बजे तक बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिवस 4.00 बजे शाम को उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष निविदा खोली जावेगी। इच्छूक व्यक्ति निर्धारित अमानत राशि नगद/बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से निविदा तिथि के एक दिवस पूर्व निगम कोष में जमा करते हुए निविदा में भाग ले सकते है। निविदा प्रपत्र रूपये 500/– नगद जमा कर दिनांक 26-02-2015 निगम कार्यालय साकेत भवन से प्राप्त किया जा सकता है। भवनों का विवरण निम्नानुसार है :–

भवनों का प्रकार	भवन क्रमांक	प्रत्येक भवनों की भूखण्ड साईज	निर्मित भवन का क्षेत्रफल	भवन की निर्धारित आफसेट प्राइज रूपये	अमानत राशि रूपये
सीनियर एच.आई.जी. कुल 09	29, 31, 32, 33, 34, 35, 64, 65, 66	12 x 18 = 216 वर्गमी. (2324.16 वर्गफीट)	भूतल–89.04 वर्गमी. प्रथम तल–49.79 वर्गमी., पोर्च–19.25 वर्गमी.	55,97,000/-	5,59,700/-
जुनियर एच.आई.जी. कुल 20	104, 105, 106, 108, 109, 110, 111, 112, 114, 115, 116, 117, 118, 119, 120, 121, 122, 123, 124, 132	11 x 15 = 165 वर्गमी. (1775.40 वर्गफीट)	भूतल–71.93 वर्गमी. प्रथम तल–19.36 वर्गमी., पोर्च–10.56 वर्गमी.	42,72,000/-	4,27,200/-
एम.आई.जी. कुल 04	126, 127, 128, 129	7 x 15 = 105 वर्गमी. (1129.80 वर्गफीट)	भूतल–41.35 वर्गमी.	25,98,000/-	2,59,800/-

नोट :– 1. एक परिवार में केवल एक व्यक्ति को केवल एक ही मकान की पात्रता होगी।

2. निविदा में भाग लेने वाले द्वितीय उच्चतम निविदाकर्ता के द्वारा जमा अमानत राशि निगम के साधारण सभा की स्वीकृति उपरांत शासन की सक्षम स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही अमानत राशि वापस की जावेगी।

3. भवनों को यथा स्थिति आधिपत्य ग्रहण करना होगा। भवनों का समस्त मरम्मत कार्य हितग्राही को अपने स्वयं के व्यय से करना होगा।

4. प्रत्येक भवन के लिए पृथक–पृथक अमानत राशि जमा कर पृथक–पृथक निविदा प्रस्तुत करना होगा।

5. भवनों का ले–आउट प्लान तथा निविदा की विस्तृत अन्य शर्ते नगर पालिक निगम कोरबा कार्यालय में कार्यालयीन दिवस एवं समय एवं समय पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)